# HIGH COURT OF MADHYA PRADESH: JABALPUR

## Proposed Model Answers alongwith Question Paper of Online Preliminary Exam of Civil Judge, Junior Division (Entry Level) Exam-2021

### विधि (Total -110 Question) (Q. No. 01-110)

1. भारत का संविधान-हथकडी लगाने के विरुद्ध संरक्षण से संबधित मामला-

A. सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन

B. बीना सेठ बनाम बिहार राज्य

C. प्रेम शंकर बनाम दिल्ली प्रशासन

D. शेर सिंह बनाम पंजाब राज्य

2. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार राज्य, देश के पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा-

A. अनुच्छेद 43

B. अनुच्छेद 43-क

C. अनुच्छेद 48

D. अनुच्छेद 48-क

3. भारत के संविधान की प्रस्तावना मे "समाजवादी" और "पंथनिरपेक्ष" शब्द अंत स्थापित किये गये हैं-

A. 15वे संविधान संशोधन द्वारा

B. 39वे संविधान संशोधन द्वारा

C. 42वे संविधान संशोधन द्वारा

D. 44वे संविधान संशोधन द्वारा

4. भारतीय संविधान के किस संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 21-ए कि राज्य, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले सभी बालको के लिए नि शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का ऐसी रीति में, जो राज्य विधि द्वारा अवधारित करे उपबन्ध करेगा. अंतः स्थापित किया गया-

A. 84वा सशोधन, 2001

B. 85वा सशोधन, 2002

C. 86वा संशोधन 2002

D. 87वा सशोधन, 2003

5. अनुच्छेद 19 द्वारा प्रत्याभूत स्वतंत्रताओं के प्रवर्गों की संख्या है?

A. 6

B. 7

C. 8

D. 9

6. संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत याचिका होती है-

A. भारतीय मर्यादा अधिनियम के अध्याधीन होती है

B. भारत के किसी भी अधिनियम के अध्याधीन नहीं होती है

C. न्यायालय के निर्देश पर समय सीमा निर्धारित होती है,

D. इनमें से कोई नहीं

7. भारत का संविधान-अनुच्छेद 19(2) के अतर्गत हिकलित टेस्ट सम्बन्धित है-

A. शालीनता एवं नैतिकता

B. मानहानि

C. भारत की अखंडता

D. इनमें से कोई नहीं।

8. भारत का संविधान निम्नलिखित में से कौन सा एक जोड़ा सही सुमेलित है ?

A. परमादेश रिट-लोक सेवक को जारी

B. बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट-सिर्फ राज्य को जारी

C. अधिकार पृच्छा रिट-अधिनस्थ न्यायालयों को

D. प्रतिषेध रिट-निजी व्यक्तियों को जारी

9. भारत का सविधान-“निवारक निरोध” का विषय किस सूची में उल्लेखित है?

A. संघ सूची

B. समवर्ती सूची

C. राज्य सूची

D. इनमें से कोई नहीं

10. भारत का संविधान-आधार बिल के लागू होने के दायरे से सबंधित मामले मे असहमतिपूर्ण निर्णय किसके द्वारा किया गया था।

A. न्यायाधिपति दीपक मिश्रा

B. न्यायाधिपति रोहिंटन नरीमन

C. न्यायाधिपति ए एम खानविलकर

D. न्यायाधिपति डी वाई चंद्रचूड

11. सिविल प्रक्रिया सहिता, 1908-सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के अधीन निम्नलिखित में से कौन सा आदेश "लिखित कथन", “मुजरा” तथा प्रतिदावा से सम्बन्धित है-

A. आदेश VI

B. आदेश VIII

C. आदेश VII

D. आदेश IX

12. सिविल प्रक्रिया सहिता 1908-सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 में प्रयुक्त शब्दावली वादार्थ संरक्षक से अभिप्रेत है-

A. एक स्थानीय आयुक्त

B. एक न्यायालय

C. एक व्यक्ति जो पागल व्यक्ति की तरफ से प्रतिरक्षा करता है

D. न्यायालय द्वारा नियुक्त एक व्यक्ति जो अवयस्क की तरफ से वाद की प्रतिरक्षा करता है

13. व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत “डिक्री” को परिभाषित किया गया है-

A. धारा 2(ख) में

B. धारा 2(क) में

C. धारा 2(2) में

D. धारा 2(1) में

14. वैकल्पिक विवाद समाधान के किसी एक तरीके के लिए विकल्प देने के लिए न्यायालय का निदेश, उपबंधित है -

A. आदेश 10 नियम 1-क व्य प्र स में

B. आदेश 10 नियम 1-ख व्य प्र स में

C. आदेश 10 नियम 1-ग व्य प्र स में

D. आदेश 10 नियम 1-घ व्य प्र स में

15. व्य प स की किस धारा के अंतर्गत-निर्णयों, डिक्रियों या आदेशों में की लेखन या गणित सम्बन्धी मूले या किसी आकस्मिक भूल या लोप से उसमे हुई गलतियाँ न्यायालय द्वारा स्वप्रेरणा से या पक्षकारों में से किसी के आवेदन पर किसी भी समय शुद्ध की जा सकेंगी।

A. धारा 151

B. धारा 152

C. धारा 153

D. धारा 144

16. सिविल प्रक्रिया सहिता-निम्नलिखित में से किस मामले में यह “अभिनिर्धारित किया गया है कि "अन्तर्निहित शक्ति न्यायालय को प्रदत्त नहीं की गयी है, यह शक्ति न्यायालय में अन्तर्निहित है?

A. मनोहर लाल चोपडा बनाम राय बहादुर राव राजा सेठ हीरालाल

B. कोटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया बनाम यूनाइटेड इण्डस्ट्रियल बैंक

C. सत्यन्नत विश्वास बनाम कल्याण कुमार किस्कू

D. रजनी बाई बनाम कमला देवी

17. सिविल पक्रिया सहिताः- धारा 11 में निहित “पूर्व न्याय” का सिद्धांत किस सूत्रवाक्य पर आधारित है?

A. इनमें से कोई नहीं

B. इन्ट्रेस्ट रिपब्लिकेट सिट फिनिस लिटियम

C. लेक्स नॉन कोजिट एड इम्पेशीबिलिया

D. एक्जीक्यूटियो ज्यूरिस नोन हेबिट इन्जुरियम

18. सिविल पक्रिया संहिता- जहा सुनवाई की समाप्ति के पश्चात एव निर्णय सुनाने के बीच किसी पक्षकार की मृत्यु हो जाती है वहा?

A. वाद का उपशमन हो जाएगा

B. वाद का उपशमन नहीं होगा

C. इनमें से कोई नहीं।

D. न्यायालय के विवेक पर निर्भर होगा कि वाद उपशमित होगा या नहीं।

19. सिविल प्रक्रिया संहिता- निर्णितऋणी  द्वारा निष्पादन कार्यवाही में यह आपत्ति उठाई कि विचारण न्यायालय को विषय वस्तु पर कोई श्रेत्राधिकार नहीं था

A. वह ऐसी आपत्ति नही उठा सकता जबतक कि उसने यही आपत्ति विचारण न्यायालय के समक्ष न उठाई हो

B. उसे इस तरह की आपत्ति को केवल अपीलै प्रस्तुत करके चुनौती देना होगा

C. वह इस आपत्ति को पहली बार निषपादन न्यायालय के समक्ष उठा सकता है

D. इनमें से कोई नहीं।

20. आदेश XXXII नियम 7 व्यवहार प्रक्रिया के अंतर्गत 'वाद-मित्र' या वादार्थ सरक्षक अव्यास्क की ओर से-

A. न्यायालय की अनुमति के बिना अनुबंध कर सकता है, परन्तु वाद में समझौता नहीं कर सकता है,

B. न्यायालय की अनुमति के बिना न तो अनुबंध कर सकता है और न किसी वाद में समझौता कर सकता है

C. न्यायालय की अनुमति के बिना अनुबंध नही कर सकता है परन्तु समझौता कर सकता है

D. न्यायालय की अनुमति के बिना अनुबंध कर सकता है एवं अवयस्क की ओर से समझौता भी कर सकता है

21. निम्न में से व्यवहार प्रक्रिया सहिता कि किस धारा के अंतर्गत धन की डिक्री के निष्पादन मे किसी स्त्री की गिरफ्तारी या निरोध का निषेध किया गया है-

A. धारा 55

B. धारा 56

C. धारा 57

D. धारा 58

22. सिविल प्रक्रिया संहिता 1908-किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया है कि 'आधिपत्य स्वत्व का अनुसरण करता है

A. नजीर मोहम्मद बनाम जे कमला और अन्य

B. सुधीर कुमार उर्फ एस बालीयान बनाम विनय कुमार जी बी

C. दीपिका शुक्ला बनाम आशीष शुक्ला

D. राधेश्याम बनाम कमला देवी और अन्य

23. सिविल प्रक्रिया सहिता 'क' 'ख' 'ग' 'घ' और 'ड' संयुक्त और पृथकत 'च' द्वारा अभिप्राप्त डिक्री के अधीन 1000 रुपए के देनदार है क अकेला च के विरुद्ध 1000 रुपए की डिक्री अभिप्राप्त करता है और उस न्यायालय से निष्पादन के लिए आवेदन करता है जिसमे यह संयुक्त डिक्री निष्पादित की जा रही है। आ 21 नि 18 के अतर्गत कौन सा सत्य है-

A. 'च' अपनी सयुक्त-डिक्री को प्रति-डिक्री के रूप में बरत सकेगा

B. 'च' अपनी सयुक्त-डिक्री को प्रति-डिक्री के रूप में नहीं बरत सकेगा

C. न्यायालय की अनुमति से 'च अपनी सयुक्त-डिक्री को प्रति-डिक्री के रूप में बरत सकेगा

D. अन्य निर्णीत-ऋणियों की लिखित सहमति से 'च' अपनी संयुक्त-डिक्री को प्रति-डिक्री के रूप में बरत सकेगा

24. सिविल प्रक्रिया संहिता-निम्नलिखित में से कौन सा आदेश अपीलीय नहीं है-

A. धारा 35क के अधीन आदेश

B. धारा 95 के अधीन आदेश

C. 92 धारा 91 या 92 के अधीन आदेश

D. आदेश 26 नियम 9 के अधीन आदेश

25. सिविल प्रक्रिया संहिता (1908 की धारा 37 के अंतर्गत डिक्रीयों के निष्पादन के सबंध में-डिक्री पारित करने वाले न्यायालय के बारे में समझा जाएगा कि उसके अतर्गत आता है-

1- जिस न्यायालय द्वारा डिकी पारित की गई है।

2- अपीली अधिकारिता के प्रयोग में पारित डिक्री की दशा में प्रथम बार का न्यायालय 3- अपीली अधिकारिता में पारित डिक्री की दशा में वह अपील न्यायालय

A. 1 एवं 2 दोनों

B. 1 एवं 3 दोनों

C. 1,2 एवं 3 सभी

D. केवल 1

26. सपत्ति अंतरण अधिनियम की धारा 19 के अतर्गत निहित हित-

A. कब्जा अभिप्राप्त करने से पहले अन्तरिती की मृत्यु हो जाने से विफल होता है-

B. कब्जा अभिप्राप्त करने से पहले अन्तरिती की मृत्यु हो जाने से विफल नहीं होता है

C. अन्तरिती की मृत्यु हो जाने से हमेशा विफल होता है

D. इनमें से कोई नहीं

27. संपति अंतरण अधिनियम 'क इस शर्त पर कि क की मृत्यु के पश्चात 'ख' तीन मास के भीतर अमुक पट्टा निष्पादित कर देगा 'ख' को और यदि वह ऐसा करने में उपेक्षा करें तो 'ग को 500 रुपए अन्तरित करता है। 'क' के जीवन-काल में 'ख' की मृत्यु हो जाती है-

A. 'ग के पक्ष में व्ययन प्रभावी हो जाता है

B. 'ग' के पक्ष में व्ययन प्रभावी नहीं होगा

C. व्ययन के लिए फिर से अनुबंध की आवश्यकता है।

D. इनमें से कोई नहीं

28. संपत्ति अतरण अधिनियम, 1882 के अतर्गत निर्वाचन के सिद्धात की नीव यह है कि एक व्यक्ति जो लेख पत्र का लाभ उठा रहा है

A. उसे भार भी वहन करना होगा

B. उसे भार वहन नहीं करना होगा

C. भार चयन की विषय-वस्तु नहीं है

D. इनमें से कोई नहीं

29. सपति अतरण अधिनियम, 1882-बधककर्ता का सम्पत्ति के बंधक मोचन का अधिकार उत्पन्न हो जाता है

A. बंधक के बाद किसी भी समय।

B. बंधक धन देय होने के बाद किसी भी समय।

C. बधककर्ता की इच्छा पर किसी भी समय पर।

D. बधकदार के धन मागने पर किसी भी समय पर।

30. संपति अतरण अधिनियम- ‘क’ उस संपति का जिसका वह स्वामी है, ‘ख’ को अनुक्रमश अपने और अपनी आशयित पत्नी के जीवनपर्यन्त के लिए और उत्तरजीवी की मृत्यु के पश्चात आशयित विवाह से ज्येष्ठ पुत्र के जीवनपर्यन्त के लिए और उसकी मृत्यु के पश्चात 'क’ के दूसरे पुत्र के लिए न्यास के रूप में अंतरित करता है। ज्येष्ठ पुत्र के फायदे के लिए इस प्रकार सृष्ट हित-

A. ‘क’ की मृत्यु पर प्रभावशील होता है

B. ‘ख’ की मृत्यु पर प्रभावशील होता है

C. ‘क’ और ‘ख’ दोनों की मृत्यु पर प्रभावशील होता है

D. प्रभावशील नहीं होता है

31. संपति अंतरण अधिनियम-जयदयाल पोहार बनाम बीबी हाजरा मामला सबंधित है-

A. निर्वाचन का सिद्धांत

B. भागिक पालन का सिद्धांत

C. अनधिकृत व्यक्ति द्वारा अंतरण

D. दृश्यमान स्वामी

32. संपति अंतरण अधिनियम-जहा कि कोई बधककर्ता बंधक-संपति को दृश्यत इस शर्त पर बेच देता है कि किसी निश्चित तारीख को बंधक धन के संदाय मे व्यतिक्रम होते ही विक्रय आत्यतिक हो जाएगा वहा ऐसा बंधक कहलाता है-

A. विलक्षण बंधक

B. अंग्रेजी बंधक

C. भोग बंधक

D. सशर्त विक्रय द्वारा बंधक

33. भारतीय संविदा अधिनियम-जीवन बीमा की संचिदा है-

1- क्षतिपूर्तित की संविदा

2- प्रत्याभूति की संविदा

3- अभिकरण की संविदा

A. 1

B. 2

C. 3

D. इनमें से कोई नही

34. भारतीय संविदा अधिनियम-ऐसा हर करार जो अप्राप्तवय से भिन्न किसी व्यक्ति के विवाह के अवरोधार्थ हो

A. शून्यकरणीय है

B. अवैध है

C. शून्य है

D. विधिमान्य है

35. भारतीय संविदा अधिनियम- जहां वचन पालन के लिए कोई समय विनिर्दिष्ट न हो और न ही आवेदन किया गया है तब वचनबंध का पालन-

A. एक वर्ष के अंदर करना चाहिए

B. युक्तियुक्त समय में करना चाहिए

C. दो वर्षों में करना चाहिए

D. तीन वर्षों के अंदर करना चाहिए

36. भारतीय संविदा अधिनियम-वह संविदा, जिसके द्वारा एक पक्षकार दूसरे पक्षकार को स्वयं वचनदाता के आचरण से या किसी अन्य व्यक्ति के आचरण से उस दूसरे पक्षकार को हुई हानि से बचाने का वचन देता है, को परिभाषित किया गया है-

A. धारा 123 भारतीय संविदा अधिनियम,

B. धारा 124 भारतीय संविदा अधिनियम,

C. धारा 125 भारतीय संविदा अधिनियम,

D. धारा 126 भारतीय संविदा अधिनियम,

37. भारतीय संविदा अधिनियम-अभिकरण का पर्यवसान हो जाता है-

1- अभिकर्ता द्वारा अभिकरण के कारबार के त्यजन से

2- मालिक के दिवालिया न्यायनिर्णीत किए जाने से

3- मालिक द्वारा अपने प्राधिकार के प्रतिसंहरण से

A. 1 एवं 2

B. 2 एवं 3

C. 1 एवं 3

D. 1, 2 एवं 3

38. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 सामान्य प्रस्ताव के मामले में स्वीकृति की संसूचना देना आवश्यक नहीं होता, यदि प्रस्तावक ने अपेक्षा न की हो। ऐसा निर्णय निम्न में से किस मामले में दिया गया था।

A. भगवान दास बनाम गिरधारीलाल

B. वीक्स बनाम टाईबाल्ड

C. रामजी दयावाला एण्ड संस बनाम इन्वेस्टमेन्ट इम्पोर्ट

D. कार्लिल बनाम कार्बोलिक स्मोक बाल कम्पनी

39. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 डाक द्वारा प्रतिग्रहण के मामले में प्रतिग्रहण प्रस्तावक के विरुद्ध किस बिन्दु पर पूर्ण हो जाता है?

A. जब प्रतिग्रहण का पत्र इस प्रकार पारेषण के अनुक्रम में कर लिया जाता है कि वह प्रतिगृहीता की शक्ति के बाहर हो जाये

B. जब प्रतिग्रहण का पत्र लिखा जा चुका हो

C. जब प्रतिग्रहण का पत्र प्राप्त हो चुका हो

D. जब प्रतिग्रहण का पत्र प्रस्तावक द्वारा पढ़ा जा चुका हो

40. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 प्रत्याभूति की संविदा के संबंध में सही उत्तर चिन्हित करें

A. यह केवल लिखित हो सकेगी

B. यह केवल मौखिक हो सकेगी

C. यह या तो मौखिक या लिखित हो सकेगी

D. यह लिखित और मौखिक दोनों होगी,

41. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम-धारा 20 की उपधारा (1) के अधीन संविदा का कोई भी प्रतिस्थापित पालन तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक ऐसे पक्षकार ने, जो ऐसे भंग से पीडित है, भंग करने वाले पक्षकार को ------------ दिन से अन्यून का लिखित में एक नोटिस, उससे ऐसे समय के भीतर संविदा का पालन करने के लिए कहते हुए, जो उस नोटिस में विनिर्दिष्ट हो, नहीं दे देता हो

A. 60 दिन

B. 45 दिन

C. 30 दिन

D. 15 दिन

42. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 8 का अवलंब लिया जा सकता है-

A. जब दावाकृत वस्तु प्रतिवादी द्वारा वादी के अभिकर्ता या न्यासी के रूप में धारित हो

B. जबकी दावाकृत वस्तु की हानि के लिये धन के रूप में प्रतिकर वादी को यथायोग्य अनुतोष प्रदान नहीं करता हो

C. जब दावाकृत वस्तु का कब्ज़ा वादी से सदोषत अन्तरित कराया गया हो

D. जब दावाकृत वस्तु प्रतिवादी द्वारा वादी के अभिकर्ता या न्यासी के रूप में धारित हो जबकी दावाकृत वस्तु की हानि के लिये धन के रूप में प्रतिकर वादी को यथायोग्य अनुतोष प्रदान नहीं करता हो और जब दावाकृत वस्तु का कब्जा वाटी से सदोषत अन्तरित कराया गया हो

43. निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 8 की प्रयोज्यता के लिए आवश्यक नहीं है-

A. प्रतिवादी संपत्ति का स्वामी होना चाहिए

B. वस्तु जगम संपत्ति होना चाहिए

C. वादी वस्तु के तुरत आधिपत्य का हकदार होना चाहिए

D. वस्तु प्रतिवादी के आधिपत्य या नियत्रण में होना चाहिए

44. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 37 के अधीन एक अस्थाई व्यादेश दिया जा सकता है-

A. वादप्रश्नों के स्थिरीकरण पश्चात्

B. वादी की साक्ष्य समाप्त होने के पूर्व तक

C. प्रतिवादी की साक्ष्य समाप्त होने के पूर्व तक

D. वाद के किसी भी प्रक्रम पर

45. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 धारा 20 सी के अनुसार-सिविल प्रक्रिया संहिता में अंतर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन फाइल किये गये किसी वाद का निपटारा न्यायालय द्वारा प्रतिवादी को समन की तामील से ............. अवधि के भौतर किया जायेगा।

A. तीन मास

B. छः मास

C. बारह मास

D. चौबीस मास

47. विनिर्दिष्ट अन्तोष (संशोधन) अधिनियम 2018 द्वारा कौन सा नया उपचार जोडा गया है

A. व्यादेश

B. प्रतिस्थापित पालन,

C. विनिर्दिष्ट चल संपत्ति की वापिसी,

D. इनमें से कोई नहीं

47. परिसीमा अधिनियम, 1963 की कौन सी धारा “लेक्स नॉन कोजिट एड इम्पोसिबिलिया” के सिद्धांत पर आधारित है-

A. धारा 4

B. धारा 5

C. धारा 14

D. धारा 15

48. परिसीमा अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत नवीन समायोजित प्रतिवादी के विरुद्ध कच याद को संस्थित होना माना जायेगा

A. दावा संस्थित किये जाने की दिनांक से

B. प्रतिवादी को समायोजित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के दिनांक से

C. जिस दिनांक को प्रतिवादी को समायोजित किया गया

D. इनमें से कोई नहीं

49. परिसीमा अधिनियम, 1963- किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया है कि: जहां वादी परिसीमा की अंतिम तिथि पर प्रतिवादी पर सीपीसी की धारा 80 के अधीन नोटिस तामील करता है और दो मास अवसान के पूर्व वाद दाखिल करता है जिसे सीपीसी की धारा 80(2) के प्रावधानो की दृष्टि में न्यायालय द्वारा स्वीकार किया जाता है तो वादी इस धारा के अधीन उस अवधि को अपवर्जित करने का हकदार होगा ?

A. पल्लव सेठ बनाम कस्टोडियन

B. गोवा राज्य बनाम वेस्टर्न बिल्डर्स

C. रविन्द्र नाथ सेमुअल डॉसन बनाम सिवाकामी

D. भारत संघ बनाम वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड

50. परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 4 के उपबंध के अनुसार-

A. न्यायालय को संपूर्ण कार्य दिवस के लिये बंद होना चाहिए।

B. न्यायालय यदि संपूर्ण दिवस के लिए बंद नहीं है लेकिन आधे दिन के लिये बंद है।

C. न्यायालय इस धारा के अर्थ में उस दिन बन्द समझा जाएगा जिस दिन वह अपने काम के नियमित काल के किसी भी भाग में बन्द रहे।

D. इनमें से कोई नहीं

51. म प्र स्थान नियंत्रण अधिनियम 1961- म प्र स्थान नियंत्रण अधिनियम 1961 की धारा 12 (1) (अ) अंतर्गत बेदखली का आधार उस तारीख को उत्पन्न होता है, जब कि भाडे के बकाया के लिये मांग की सूचना भू-स्वामी द्वारा किरायेदार पर विहित रीति में तामील की गई हो एवं

A. किरायेदार ने एक माह के भीतर वैध रूप से वसूली योग्य भाड़े के संपूर्ण बकाया का न तो सदाय किया है और न ही निविदत्त किया है।

B. किरायेदार ने तीन माह के भीतर वैध रूप से वसूली योग्य भाडे के संपूर्ण बकाया का न तो संदाय किया है और न ही निविदत्त किया है।

C. किरायेदार ने दो माह के भीतर वैध रूप से वसूली योग्य भाडे के सपूर्ण बकाया का न तो सदाय किया है और न ही निविदत्त किया है।

D. किरायेदार ने 15 दिवस के भीतर वैध रूप से वसूली योग्य भाडे के संपूर्ण बकाया का न तो सदाय किया है और न ही निविदत्त किया है।

52. म प्र स्थान नियंत्रण अधिनियम- ए मकान मालिक की दुकान उज्जैन शहर में है। बी इस दुकान में 11 वर्ष से किरायेदार है, उसके विरुद्ध न्यायालय ने निष्कासन की डिक्री पारित की। मकान मालिक को क्या प्रतिकर देना होगा?

A. कोई प्रतिकर देय नहीं

B. वार्षिक मानक भाडे की रकम के दुगुने के बराबर

C. वार्षिक मानक भाडे की रकम के बराबर

D. एक मुश्त 3,000 रुपया प्रतिकर

53. म प्र स्थान नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत भाडे पर दिये गये स्थान की आवश्यक आपूर्ति, जिसका उपयोग किरायेदार द्वारा किया जा रहा था, को मकान मालिक द्वारा बंद कर दिया गया। उक्त आवश्यक आपूर्ति को पुन: प्रारम्भ किये जाने हेतु कौन आदेश करेगा?

A. कलेक्टर

B. सिविल न्यायालय

C. भाडा नियंत्रक प्राधिकारी

D. यथास्थिति नगर निगम अथवा नगर पालिका,

54. मप्र स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 23 घ (3) के अधीन उपधारणा निम्न के पक्ष में होती है-

A. भाडेदार

B. यथास्थिति भू-स्वामी या भाडेदार

C. भू-स्वामी

D. इनमें से कोई नहीं

55. मध्यप्रदेश स्थान नियत्रण अधिनियम की धारा 2 में परिभाषित "अभिधारी में शामिल नहीं है- https://www.pyqonline.comType equation here.

A. जिसकी ओर से किसी स्थान का भाडा देय है

B. जो स्थान का अधिभोग उपअभिधारी की हैसियत से रखता है

C. ऐसा व्यक्ति जो अपनी अभिधृति का पर्यवसान हो जाने के पश्चात् स्थान पर काबिज है

D. अभिधारी के कुटुम्ब का सदस्य

56. म.प्र भू-राजस्व संहिता:- किसी राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आदेश के विरुद्ध कलेक्टर के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की कालावधि है-

A. 30 दिन

B. 45 दिन

C. 60 दिन

D. 90 दिन

57. मप्र भू-राजस्व संहिता:- ऐसी भूमि या जल जो कि राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण का न हो या उसके द्वारा नियंत्रित या प्रबंधित न हो में किसी ग्राम की रुढ़ियों को उपखण्ड अधिकारी द्वारा अभिनिधित करते हुए बनाया गया अभिलेख कहलाएगा-

A. अधिकार अभिलेख

B. निस्तार पत्रक

C. वाजिब-उल-अर्ज

D. दाखिल-खारिज पंजी

58. म प्र भू-राजस्व संहिता:- पटवारी मध्य प्रदेश भू राजस्व सहिता के अधीन अपने कर्तव्यों के सबंधित कार्य करने के निमित किसी भवन में या किसी निवासग्रह में किसी घेरा लगे हुए प्रांगण या उद्यान में किसकी सम्मति के बिना प्रवेश नहीं करेगा-

A. कलेक्टर

B. तहसीलदार

C. उसके अधिभोगी

D. उसके वास्तविक स्वामी

59. म प्र भू-राजस्व संहिता:- वाजिब-उल-अर्ज के अभिलेख में की गई किसी प्रविष्टि से व्यथित कोई भी व्यक्ति, ऐसी प्रविष्टि को रद् या उपान्तरित कराने के लिए सिविल न्यायालय में वाद संस्थित कर सकेगा:

A. अभिलेख के प्रकाशन के 90 दिन के अंदर

B. अभिलेख के प्रकाशन के एक वर्ष के अंदर

C. अभिलेख के प्रकाशन के दो वर्ष के अंदर

D. अभिलेख के प्रकाशन के तीन वर्ष के अंदर

60. म.प्र भू-राजस्व संहिता:- मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 क्य प्रभावशील हुई?

A. 01-10-1959

B. 01-11-1959

C. 02-10-1959

D. 02-11-1959

61. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 44 के सिद्धांत को निम्नलिखित में से किस तक विस्तारित नहीं किया जा सकता है?

A. दुर्व्यापदेशन और असम्यक् असर

B. कपट

C. दुस्संधि

D. इनमें से सभी

62. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872- वाद सावाल दास विरुद्ध बिहार राज्य (1974) 4 SCC 193 संबंधित है-

A. रेस ज्यूडिकेटा (res Judicata) नियम से

B. विबंधन नियम से

C. अन्यंत्र होने का बचाव

D. रेस जेस्टे (res gestae) नियम से

63. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872-एक आरोपी जिसके खिलाफ धारा 302 एवं 304 बी भारतीय दंड संहिता के आरोप है धारा 302 में आरोप मुक्त हो जाता है तो उसके विरुद्ध साक्ष्य अधिनियम की धारा 113-बी की अवधारणा-

A. स्वयं समाप्त हो जाएगी

B. समाप्त नहीं होगी

C. सुसंगत नहीं है

D. इनमें से कोई नहीं

64. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न में से कौन सी धारा आपराधिक मामलों से संबधित नहीं है-

A. धारा-23

B. धारा-27

C. धारा-53

D. धारा-133

65. धारा 45 साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत विशेषज्ञ की रायें सुसंगत तथ्य है-

A. हस्तलेख की अनन्यता के बारे मे,

B. अंगुलि चिन्हो की अनन्यता के बारे मे,

C. हस्तलेख की अनन्यता के बारे मे व अंगुलि चिन्हो की अनन्यता के बारे में,

D. न हस्तलेख की अनन्यता के बारे मे और न ही अंगुलि चिन्हों की अनन्यता के बारे में,

66. भारतीय साक्ष्य अधिनियम-भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 में प्रयुक्त शब्दों व पदो के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. 'तथ्य में न केवल वस्तुओं की अवस्था अपितु मानसिक दशा भी सम्मिलित है

B. 'न्यायालय' में मध्यस्थ सम्मिलित है

C. शिला पर उत्कीर्ण लेख दस्तावेज है

D. कोई तथ्य साबित नहीं हुआ कहा जाता है, जब वह न तो साबित किया गया हो और नासाबित।

67. धारा 33 साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अंतर्गत निम्न में से किस मामले में साक्षी द्वारा दी गई साक्ष्य सुसंगत नहीं होगी-

A. जब साक्षी विदेश में निवास कर रहा है,

B. जब साक्षी की मृत्यु हो चुकी है,

C. जब साक्षी मिल नही पाता है,

D. जब साक्षी साक्ष्य देने के लिए असमर्थ है,

68. भारतीय साक्ष्य अधिनियम भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 90 के अन्तर्गत वर्षीय पुराने इलेक्ट्रानिक अभिलेख के बारे में अधारित किया गया है।

A. 20

B. 15

C. 10

D. 5

69. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872-भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 41 में निम्न में से किस प्रकार की अधिकारिता का उल्लेख नहीं किया गया है-

A. प्रोबेट विषयक

B. विवाह विषयक

C. दिवाला विषयक

D. राजस्व विषयक

70. भारतीय साक्ष्य अधिनियम:- दस्तावेज से अभिप्रेत है-

A. मानिचत्र एवं शिला पर उत्कीर्ण लेख

B. उपहासांकन

C. मुद्रित, शिलामुद्रित या फोटो चित्रित शब्द

D. ये सभी

71. भारतीय साक्ष्य अधिनियम में लोक दस्तावेज को साबित किया जा सकता है-

A. मौखिक साक्ष्य द्वारा

B. प्रमाणित प्रतिलिपि द्वारा

C. प्रमाणित प्रतिलिपि देने वाली मौखिक साक्ष्य द्वारा

D. इनमें से कोई नहीं

72. भारतीय साक्ष्य अधिनियम:- ऐसा कोई साक्षी, जो बोलने में असमर्थ है, अपना साक्ष्य खुले न्यायालय में लिखकर देता है। इस प्रकार दिया गया साक्ष्य समझा जायेगा-

A. प्राथमिक साक्ष्य

B. अभिलेखीय साक्ष्य

C. मौखिक साक्ष्य

D. द्वितीयक साक्ष्य

73. भारतीय साक्ष्य अधिनियमः- मृत्यु से पहले प्रथम सूचना पत्र लिखाने वाले की मानसिक योग्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त किये बिना पुलिस अधिकारी द्वारा प्रथम सूचना पत्र के रूप में अभिलिखित मृत्युकालिक कथत?

A. मृत्युकालिक कथन नहीं माना जा सकता है

B. साक्ष्य में नहीं पढ़ा जा सकता है

C. मृत्युकालिक कथन माना जा सकता है

D. साक्ष्य में कोई उपयोग नहीं किया जा सकता है।

74. भारतीय साक्ष्य अधिनियम:- पिक्रड एंड शीयर (Pickard v Sears) भारतीय साक्ष्य अधिनियम कि किस धारा में निर्धारित सिद्धात पर आधारीत है?

A. धारा 6

B. धारा 32

C. धरा 115

D. धारा 167

75. भारतीय साक्ष्य अधिनियम:- भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65ख की उपधारा (5) (ग) के अंतर्गत कम्प्यूटर उत्पाद को कम्प्यूटर द्वारा उत्पादित किया गया माना जाएगा। इनमे से कौन सा एक कथन पूर्ण है?

A. चाहे वह इसके द्वारा सीधे उत्पादित किया गया हो

B. चाहे वह किसी उपयुक्त उपकरण द्वारा उत्पादित किया गया हो

C. वह इसके द्वारा सीधे उत्पादित किया गया हो या (मानवीय हस्तक्षेप सहित या मानवीय हस्तक्षेप के बिना) किसी उपयुक्त उपकरण द्वारा उत्पादित किया गया हो

D. वह इसके द्वारा सीधे उत्पादित किया गया हो या किसी उपयुक्त उपकरण द्वारा उत्पादित किया गया हो

76. भारतीय दण्ड संहिता 1860- जब एक महिला अपने स्नानघर में स्नान कर रही थी तो उसी समय "X" ने अपने मोबाईल से उसकी फोटो खीच ली। यहाँ "X" ने अपराध किया है-

A. लैंगिक उत्पीडन

B. किसी स्त्री की लज्जा के अनादर

C. दृश्यरतिकता

D. पीछा करना

77. भारतीय दण्ड संहिता 1860-यदि अपराध कारावास और जुर्माना दोनी से दण्डनीय हो, तो वह अवधि, जिसके लिए जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने की दशा के लिए न्यायालय अपराधी को कारावासित करने का निर्देश दे सकता है-

A. कारावास की उस अवधि के बराबर होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है

B. कारावास की उस अवधि की आधी से अधिक न होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है

C. कारावास की उस अवधि की एक-तिहाई से अधिक न होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है

D. कारावास की उस अवधि की एक-चौथाई से अधिक न होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है

78. भारतीय दंड संहिता के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष सही होगा?

1. 'क' 'ज' की छडी से पचास बार मारता है। अगर हरप्रहार की सजा 1 साल है, तो 'क' को 50 साल के कारावास की सजा दी जाएगी। https://www.pyqonline.com

2. जब 'क' 'ज' को मार रहा है, 'य' हस्तक्षेप करता है और 'क' जानबूझकर 'य' की मृत्यु कारित कर देता है। 'क' स्वेच्छया से 'ज' को चोट पहुचाने के लिए एक दंड और 'य' की हत्या के लिए दूसरे दंड के लिए उत्तरदायी है।

A. 1 और 2 दोनों

B. केवल 1

C. केवल

D. न तो 1 और न ही 2

79. इनमें से कौन सा धारा 499 भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत अपवाद नहीं है-

A. लोक सेवकों का लोकाचरण

B. दुर्भावनापूर्ण कथन

C. किसी लोक-प्रश्न के संबन्ध में किसी व्यक्ति का आचरण

D. न्यायालयों की कार्यवाहियो की रिपोर्टो का प्रकाशन

80. भारतीय दण्ड संहिता 1860-निम्न में से किस अपराध में शरीर की प्राईवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार हलमावर की मृत्यु कारित करने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता है-

A. बलात्सग हेतु

B. अपहरण हेतु

C. अप्राकृतिक मैथुन सन्तुष्टि हेतु

D. गर्भपात कारित करने हेतु

81. भारतीय दण्ड संहिता, 1860-एकान्त परिरोध की अवधि यदि कारावास की अवधि एक वर्ष से अधिक हो तो मास से अनधिक समय की होगी-

A. 1 मास

B. 2 मास

C. 3 मास

D. 6 मास

82. भारतीय दण्ड संहिता 1860-सामान्या आशय व समान आशय में निम्न में से किस प्रसिद्ध मामले में विभेद किया गया था-

A. बीरेन्द्र कु घोष व किंग 1925 पी सी 1 में

B. महबूब शाह ब एम्परर 1943 पी सी 118 में

C. कृपाल सिंह ब उ प्र 1954 सु को 706 में

D. रिषिदेव पाण्डेय ब उ प्र राज्य 1955 सु को 331 मे

83. भारतीय दंड संहिता में व्यपहरण कितने प्रकार का है?

A. एक

B. तीन

C. चार

D. दो

84. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के तहत सार्वजनिक या निजी अस्पतालों द्वारा किसी पीडित का उपचार न किया जाना दण्डनीय अपराध है?

A. धारा 165 क

B. धारा 376 घ

C. धारा 166 ख

D. धारा 288 क

85. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 90 के तहत वर्ष से कम आयु के बालक द्वारा दी गई सम्मति को सम्मति नहीं माना जाता है।

A. 7-वर्ष

B. 5-वर्ष

C. 12-वर्ष

D. 10-वर्ष

86. भारतीय दण्ड संहिता, 1860- बलात्संग से पीडित की पहचान या नाम का प्रकटीकरण करना भारतीय दण्ड संहिता 1860 की निम्न में से किस धारा में दण्डनीय अपराध है-

A. धारा:-354-D में

B. धारा:-376-E में

C. धारा:-229 में

D. धारा:-228-A में

87. ‘न्यायालय शब्द को भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में परिभाषित किया गया है-

A. धारा 17

B. धारा 19

C. धारा 18

D. धारा 20

88. भारतीय दण्ड संहिता, 1860-धारा 124 क भ द स के अन्तर्गत राजद्रोह के अपराध हेतु सजा का प्रावधान

A. आजीवन कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या दो वर्ष तक के कारावास से जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

B. आजीवन कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या तीन वर्ष तक के कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा, या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

C. आजीवन कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या एक वर्ष तक के कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा, या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

D. आजीवन कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या पाँच वर्ष तक के कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा, या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

89. भारतीय दण्ड संहिता:- “सिक्का” को किस धारा में परिभाषित किया गया है?

A. 45

B. 229

C. 230

D. 231

90. भारतीय दण्ड संहिता:- 'क' को राज्य परिवहन की बस के फ्लोर पर उस समय एक घडी मिलती है जब वह अंतिम यात्री के रूप में उतर रहा था। उसने घड़ी को उठा लिया और राज्य परिवहन के अधिकारियो को देने के बजाय अपनी जेब में रख लिया। अगले ही दिन उसने घड़ी को बेच दिया वह दायी है?

A. चोरी के लिये

B. उद्‌यापन

C. आपराधिक दुर्विनियोग

D. आपराधिक न्यासभंग

91. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 258 के अंतर्गत कार्यवाही रोकी जा सकती है-

A. परिवाद पर संस्थित किसी समन मामले में

B. परिवाद से भिन्न आधार पर संस्थित किसी समन मामले में

C. परिवाद पर संस्थित किसी वारंट मामले में

D. परिवाद से भिन्न आधार पर संस्थित किसी संज्ञेय वारट मामले मे

92. धारा 95 दण्ड पक्रिया संहिता के अंतर्गत की गई समपहरण की घोषणा को अपास्त किया जा सकता है-

A. तलाशी वारंट जारी करने वाला मजिस्ट्रेट द्‌वारा

B. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट द्‌वारा

C. सत्र न्यायालय द्‌वारा

D. उच्च न्यायालय द्‌वारा

93. द०प्र०स० 1973 की धारा 311 के अंतर्गत आवश्यक साक्षी को समस करने हेतु प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कार्यवाही के किस प्रक्रम पर न्यायालय द्‌वारा किया जा सकता है-

A. अभियोजन साक्ष्य समाप्त करने के पूर्व कभी भी

B. प्रतिरक्षा साक्ष्य समाप्त करने के पूर्व कभी भी

C. अंतिम तर्क श्रवण किये जाने के पूर्व कभी भी

D. निर्णय घोषित किये जाने के पूर्व कभी भी

94. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 309 के अंतर्गत जांच या विचारण के दौरान मजिस्ट्रेट अभियुक्त को अभिरक्षा में प्रतिप्रेषित सकता है-

A. एक बार में अधिकतम एक महीने के लिए

B. एक बार में अधिकतम 15 दिन के लिए

C. एक बार में अधिकतम 14 दिन के लिए

D. दिनों को दृष्टिगत रखे बिना अगली तारीख तक की अवधि के लिए

95. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 200 के तहत मजिस्ट्रेट के लिए परिवादी या साक्षियों की परीक्षा करना आवश्यक होगा-

A. यदि परिवादी के शपथ पत्र से परिवाद समर्थित है

B. यदि परिवाद अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में कार्य करने वाले लोक सेवक द्वारा किया गया है

C. यदि परिवादी वरिष्ठ नागरिक है

D. इन सभी मामलो मे

96. किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि द.प्र.स. की धारा 125 सभी लोगो पर लागू होती है, चाहे वे किसी भी धर्म के हो?

A. मो उमर खान बनाम गुलशन बेगम

B. मो अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम

C. मो जोहरा खातून बनाम मो इब्राहिम

D. नूर सबा खातून बनाम मो कासिम

97. द.प्र.स की कौन सी धारा यह उपबंध करती है कि किसी मामले का भारसाधक लोक अभियोजक निर्णय सुनाये जाने के पूर्व किसी समय किसी व्यक्ति के अभियोजन को, उस अपराध के बारे में जिसके लिए उस व्यक्ति का विचारण किया जा रहा है, न्यायालय की सम्मति से वापिस ले सकता है?

A. धारा 320 (4)

B. धारा 320 (1)

C. धारा 321

D. धारा 313

98. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973-पुलिस अभिरक्षा अधिकृत करने के लिए अभियुक्त को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होगा?

A. व्यक्तिगत रूप से

B. अधिवक्ता के माध्यम से

C. एक आवेदन द्वारा जिस पर अभियुक्त ने हस्ताक्षर किये हों प्रस्तुत करने से

D. नजदीकी रिश्तेदार के माध्यम से

99. द.प.स की धारा 468 के अनुसार एक वर्ष से अधिक किन्तु तीन वर्ष से अनाधिक के कारावास से दण्डनीय अपराध के संज्ञान लेने का मियाद काल है:-

A. एक वर्ष

B. दो वर्ष

C. तीन वर्ष

D. चार वर्ष

100. धारा 357 क (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रतिकर की मात्रा का निर्धारण कौन करेगा?

A. राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण या जिला विधिक सेवा प्रधिकरण

B. सेशन न्यायाधीश

C. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

D. जिला मजिस्ट्रेट

101. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973-न्यायालय में दिया गया साक्ष्य ही तात्विक साक्ष्य है, धारा 164 द.प्र.स. के तहत किये गये कथन के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराना अनुमत नहीं होगा, किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया था-

A. अरुण बनाम मध्य प्रदेश राज्य

B. राजेश @ सरकारी और अन्य बनाम हरियाणा राज्य

C. सोमासुन्दरम @ सोमू बनाम राज्य प्रतिनिधित्व द्वारा पुलिस उपायुक्त

D. देवकरन बनाम मध्य प्रदेश राज्य

102. दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 300 को लागू करने के लिए निम्न में से एक सही नहीं है-

A. कि आरोपी का उसी अपराध के बारे में पूर्व में विचारण हो चुका हो,

B. आरोपी को उसी अपराध में पूर्व विचारण में दोषमुक्त कर दिया गया हो,

C. पूर्व की कार्यवाहियां उसी अपराध के बारे में की गई हो,

D. यह आवश्यक नहीं है कि पूर्व में जिस न्यायालय द्वारा विचारण किया है, वह प्रकरण के विचारण के लिये सक्षम था या नहीं,

103. दण्ड प्रक्रिया सहिता 1973- उच्चतम न्यायालय द्वारा इस मामले में यह अभिनिर्धारित किया था कि:-

एक ही घटना की कोई दूसरी प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं हो सकती, ऐसे मामलो में पहले दर्ज की गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट को मुख्य प्रथम सूचना रिपोर्ट और अन्य सभी को धारा 162 द प्र स के अधीन कथन माना जाना चाहिए ।

A. कुलदीप चौधरी @ कुलदीप यादव और अन्य बनाम मध्य प्रदेश राज्य

B. अमिष देवगन बनाम भारत संघ और अन्य

C. राजेश धीमन बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य

D. कौशिक चटर्जी बनाम हरियाणा राज्य और अन्य

104. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 293 किस सरकारी वैज्ञानिक विशेषज्ञ पर लागू नहीं होगी-

A. सरकार का कोई रासायनिक परीक्षक या सहायक रासायनिक परीक्षक

B. मुख्य विस्फोटक नियंत्रक

C. अगुली-छाप कार्यालय निर्देशक

D. राज्य परीक्षक प्रश्नगत दस्तावेज

105. दण्ड प्रक्रिया सहिता 1973- दण्ड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 7क के अंतर्गत सम्पइत या अभिगृहीत सम्पति के प्रबन्ध हेतु न्यायालय किसे प्रशासक नियुक्त कर सकेगा

A. जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित अन्य अधिकारी

B. तहसीलदार

C. आयुक्त

D. थाना प्रभारी

106. परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881-धारा 143ए (4) के अंतर्गत अंतरिम प्रतिकर का भुगतान आदेश की तारीख से ---------- दिनों के भीतर या परिवादी द्वारा पर्याप्त कारण बताए जाने पर न्यायालय द्वारा निर्देशित की जा सकने वाली ऐसी अतिरिक्त अवधि में जो तीस दिनों से अधिक की नहीं होगी के भीतर

A. 30 दिन

B. 45 दिन

C. 60 दिन

D. 90 दिन

107. परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 की धारा 138 की कार्यवाही के अधीन कौन सा बचाव स्वीकार नहीं किया जा सकता परम्यम्य लिखित अधिनियम, 1881-

A. चैक पर उसके हस्ताक्षर नहीं है।

B. परिवादी चैक का सम्यक अनुक्रम धारक, अथवा पाने वाला नहीं है

C. चैक जारी किया था तब उसके पास विश्वास करने का कारण नहीं था कि चैक का अनादरण हो जाएगा ।

D. उसने ऐसी किसी उत्तरदायित्व के लिए चैक जारी किया था जो विधिक रूप से प्रर्वतनीय नहीं था।

108. परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 - दोषसिद्धि के विरुद्ध की गयी अपील में अपील न्यायालय अपीलार्थी को विचारण न्यायालय द्वारा अधिनिर्णीत जुर्माना या प्रतिकर जमा करने का आदेश कर सकेगाः

A. न्यूनतम पांच प्रतिशत

B. न्यूनतम दस प्रतिशत

C. न्यूनतम पन्द्रह प्रतिशत

D. न्यूनतम बीस प्रतिशत

109. निम्नलिखित में से कौन-सी उपधारणा धारा 118 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत निर्धारित की गई है?

A. प्रतिफल की

B. तारीख की

C. प्रतिग्रहण करने के समय की

D. इनमें से सभी

110. परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 - किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया है:

"व्यक्तियों का कोई संगम" शब्दावली में दो निजी व्यक्ति शामिल नहीं है, इसलिए परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 141 व्यक्तियों पर लागू नहीं होती है

A. सुरेन्द्र सिंह देशवाल बनाम वीरेन्द्र गांधी और अन्य

B. इकबाल सिंह मारवाह बनाम मीनाक्षी मारवाह

C. बी एन पाटिल बनाम निरंजन कुमार और अन्य

D. अल्का खाण्डू अवद बनाम अमर श्याम प्रसाद मिश्रा और अन्य

## <u>सामान्य ज्ञान</u> (Total 20 Questions) (Q.No. 111-130)

111. सामान्य ज्ञानः- विम्बलडन 2021 का फाईनल किसने जीता?

A. नोवाक जोकोविच

B. मेटेयो बेरेटनी

C. राफेल नडाल

D. रोजर फेडरर

112. सामान्य ज्ञानः- मानवजाति के लिए एक धर्म, एक जाति, तथा एक भगवान है यह शब्द किसके द्वारा बोले गये थे

A. महात्मा गांधी

B. गुरु नानक

C. श्री नारायण गुरु

D. श्री अरबिन्द घोष

113. वर्ष 2022 का योग के क्षेत्र में कार्य करने के लिए किनको पद्मश्री पुरुस्कार प्रदान किया गया। https://www.pyqonline.com

A. बी के एस अयन्गर

B. स्वामी शिवानंदा

C. गुरु विषणु देवानंद सरस्वती

D. तुलसी गौड़ा

114. तेजडिया (Bull) तथा मन्दडिया (Bear) वाणिज्य के किस पहलू से सबंधित है?

A. स्टॉक मार्केट

B. बैंक

C. इंस्योरेंस

D. इनमें से कोई नहीं

115. काली क्रांति संबंधित है?

A. कोयला उत्पादन

B. ब्लैक होल

C. पेट्रोलियम उत्पादन

D. चमड़ा उत्पादन

116. चन्द्रगुप्त मौर्य के शासन काल में कौन यूनानी राजदूत भारत आया था?

A. हेनसांग

B. मेगस्थनीज

C. इब्ना-बतूता

D. फाह्यान

117. महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविधालय कहां स्थित है?

A. ग्वालियर

B. भोपाल

C. चित्रकूट

D. जबलपुर

118. “राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020” किसकी अध्यक्षता में तैयार की गई-

A. रमेश पोखरीयाल

B. डॉ के कस्तूरीरंगन

C. अरविन्द पानगडिया

D. प्रो यशपाल

119. सामान्य ज्ञान-यह किसकी उक्ति है कि “विधिशास्त्र विधिवेत्ता की बाह्य दर्शिता” है?

A. जान आस्टिन

B. जूलियस स्टोन

C. सिसरो

D. सी के ऐलन

120. सामान्य ज्ञान-विश्व बैंक का मुख्यालय स्थित है।

A. जेनेवा

B. न्युयार्क

C. पैरिस

D. वाशिंगटन डी०सी०

121. निम्न में से कौन-सी सबसे कोमल धातु है ?

A. सीजियम

B. सीसा

C. सोना

D. चादी

122. निम्नलिखित में से किसे स्वर्णिम चतुर्भुज के रूप में जाना जता है?

A. मेट्रोपॉलिटन शहरों को जोडने वाली रेल लाइनें

B. राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

C. हवाई मार्ग

D. सोने के व्यापार के तरीके

123. किस सुल्तान ने कृषि के निरीक्षण के लिए एक अलग विभाग (दीवान-ए-अमीर कोही) की स्थापना की थी-

A. खिज्र खां

B. तुगरिल बेग

C. जलाल-उद-दीन खिलजी

D. मुहम्मद बिन तुगलक

124. सचिन तेंदुलकर द्वारा मध्यप्रदेश के किस मैदान पर पहला एक दिवसीय अर्तराष्ट्रीय दोहरा शतक लगाया गया था

A. कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम

B. नेहरू स्टेडियम

C. होल्कर क्रिकेट स्टेडियम

D. ग्वालियर अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

125. सामान्य ज्ञान- असीरगढ़ का किला मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

A. ग्वालियर

B. भोपाल

C. बुरहानपुर

D. शहडोल

126. सामान्य ज्ञान- मध्य प्रदेश का राजकीय पशु है,

A. शेर

B. बारहसिंगा

C. बाघ

D. भालू

127. यूक्रेन में फंसे भारतीयों को भारत वापस लाने के लिए प्रारंभ की गयी पहल का नाम क्या है-

A. आपरेशन गंगा

B. आपरेशन कीव

C. आपरेशन मॉस्को

D. आपरेशन भारत

128. "पिंगली वेंकया" निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

A. भारतीय सेना

B. भारत का राष्ट्रीय ध्वज

C. भारत का राष्ट्रगान

D. भारत का संविधान

129. सामान्य ज्ञान- कंचनजंगा (Khangchendzonga) नेशनल पार्क किस भारतीय राज्य में स्थित है-

A. पश्चिम बंगाल

B. अरुणाचल प्रदेश

C. सिक्किम

D. त्रिपुरा

130. सामान्य ज्ञान- मिशन डोजे-1 (DOGE-1) चद्रमा की और किस कंपनी द्वारा 2022 में पेक्षेपित किया जायेगा ?

A. स्पेस एक्स

B. इसरो

C. नासा

D. रोसकोसमोस

## <u>Computer knowledge</u> (Total-10 Questions) (Q. No. 131-140)

131. A collection of records on a particular topic in a database are stored as-

A. file

B. record

C. folder

D. field

132. Ctrl. Shift and Alt are ----- keys.

A. modifier B. function C. alpha-numeric D. adjustment

133. To insert header and footer click on which menu?

A. file

B. format

C. edit

D. insert

134. Undo and Redo buttons are in the following tool bar?

A. standard toolbar

B. format toolbar

C. drawing toolbar

D. status toolbar

135. Computer Knowledge- Which one of the following shortcut keys is used to paste a file ?

A. ctrl+C

B. ctrl+v

C. ctrl+p

D. ctrl+x

136. Computer Knowledge Virtual Memory is-

A. memory on the hard disk that cpu uses as extended RAM

B. in RAM

C. only necessary if you do not have any RAM in your computer

D. a backup device for floppy disks

137. Computer Knowledge- The term bit is short for

A. megabyte

B. binary language

C. binary digit

D. binary number

138. Computer Knowledge- Shortcut for displaying the full page as they are printed

A. ctrl+F1

B. ctrl+F2

C. shift+F1

D. shift+F2

139. Which of the following is the largest unit of storage-

A. KB

B. TB

C. MB

D. GB

140. Computer Knowledge- "http" stands for-

A. hyper text transfer protocol

B. hyper transfer topology protocol

C. higher text transfer protocol

D. high triple topology phase

**<u>English knowledge</u> (Total-10 Questions) (Q. No. 141-150)**

141. Choose the correct spelling

A. commennsurate

B. commensurate

C. commensurate

D. comensurate

142. Appropriate synonym FOSTERING IS -

A. safeguarding B. neglecting C. Ignoring D. nurturing

143. One who hates women is called -

A. philanthropist B. neglecting C. ignoring D. nurturing

144. One word substitution for- A person who renounces the world and practices self-discipline in order to attain salvation-

A. sceptic B. ascetic C. misogynist D. misogamist

145. Sentence correction The Moscow State orchestra "had been performing" in Cheltenham for the next 3 weeks.

A. is performing

B. are performing

C. will be performing

D. have performing

146. Antonym of word 'Arraignment' is-

A. incriminate B. exonerate C. inculpate D. indict

147. "Procrastination" means

A. action of delaying

B. action of whispering

C. emancipation

D. advancement

148. Modus operandi' means?

A. the mode of behaving

B. way of counseling

C. manner of working

D. mode of travelling

149. One who walks in sleep is?

A. hypocrite

B. imposter

C. somnambulist

D. sarcastic

150. Choose the alternative which best expresses the meaning of idiom/phrase "A moot point"? https://www.pyqonline.com

A. all too clear point

B. A fixed belief point

C. none of these

D. A debatable point

## Tentative Answer Key

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 31 | D | 61 | A | 91 | B | 121 | A |
| 2 | D | 32 | D | 62 | D | 92 | D | 122 | B |
| 3 | C | 33 | A | 63 | B | 93 | D | 123 | D |
| 4 | C | 34 | C | 64 | A | 94 | B | 124 | A |
| 5 | A | 35 | B | 65 | C | 95 | B | 125 | C |
| 6 | B | 36 | B | 66 | B | 96 | B | 126 | B |
| 7 | A | 37 | D | 67 | A | 97 | C | 127 | A |
| 8 | A | 38 | D | 68 | D | 98 | A | 128 | B |
| 9 | B | 39 | A | 69 | D | 99 | C | 129 | C |
| 10 | D | 40 | C | 70 | D | 100 | A | 130 | A |
| 11 | B | 41 | C | 71 | B | 101 | C | 131 | A |
| 12 | D | 42 | D | 72 | C | 102 | D | 132 | A |
| 13 | C | 43 | A | 73 | C | 103 | B | 133 | D |
| 14 | A | 44 | D | 74 | C | 104 | D | 134 | A |
| 15 | B | 45 | C | 75 | C | 105 | A | 135 | B |
| 16 | A | 46 | B | 76 | C | 106 | C | 136 | A |
| 17 | B | 47 | A | 77 | D | 107 | C | 137 | C |
| 18 | B | 48 | C | 78 | C | 108 | D | 138 | B |
| 19 | A | 49 | D | 79 | B | 109 | D | 139 | B |
| 20 | B | 50 | C | 80 | D | 110 | D | 140 | A |
| 21 | B | 51 | C | 81 | C | 111 | A | 141 | B |
| 22 | A | 52 | B | 82 | B | 112 | C | 142 | D |
| 23 | A | 53 | C | 83 | D | 113 | B | 143 | C |
| 24 | D | 54 | C | 84 | C | 114 | A | 144 | B |
| 25 | A | 55 | D | 85 | C | 115 | C | 145 | C |
| 26 | B | 56 | B | 86 | D | 116 | B | 146 | B |
| 27 | A | 57 | C | 87 | D | 117 | C | 147 | A |
| 28 | A | 58 | C | 88 | B | 118 | B | 148 | C |
| 29 | B | 59 | B | 89 | C | 119 | B | 149 | C |
| 30 | D | 60 | C | 90 | C | 120 | D | 150 | D |

https://www.pyqonline.com